तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 2 मई 2026



कुरालठेमली शासकीय विद्यालय में 12वीं का... 13



भानुप्रतापपुर में मौसम का मिजाज बदला वर्षा से मिली... 13






# नक्सल प्रभावित गांव में पहली बार सीधा संवाद, बस्तर मुन्ने अभियान शुरू

## दुर्गम रास्तों को पार कर पहुंचे सीईओ हरेश मंडावी और सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

उत्तर बस्तर अंचल के दूरस्थ और नक्सल प्रभावित इलाकों में प्रशासन की मौजूदगी अक्सर एक उम्मीद की किरण बनकर उभरती है। बस्तर मुन्ने अभियान के प्रथम दिन ऐसा ही एक ऐतिहासिक पल तब देखने को मिला, जब कांकेर जिले के सबसे दुर्गम क्षेत्र कोटरी नदी के उस पार बसे कँदाड़ी ग्राम में पहली बार जिला प्रशासन की सीधी पहुंच बनी। इस पहल ने न सिर्फ दूरी मिटाई, बल्कि विश्वास की एक नई डोर भी जोड़ी। बस्तर मुन्ने अभियान के तहत कांकेर जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने जिले के अत्यंत दूरस्थ और नक्सल प्रभावित ग्राम कँदाड़ी का दौरा किया। यह गांव कोटरी नदी के उस पार स्थित है, जहां पहुंचना लंबे समय से प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। लेकिन इस बार प्रशासनिक टीम ने इन चुनौतियों को पार करते हुए सीधे गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। ग्राम कँदाड़ी में प्रशासनिक अमले के पहुंचते ही ग्रामीणों में उत्साह और जिज्ञासा का माहौल देखने को मिला। वर्षों से उपेक्षित महसूस कर रहे ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुलकर अधिकारियों के सामने रखीं। सीईओ हरेश मंडावी ने न केवल उनकी बातों को गंभीरता से सुना, बल्कि त्वरित समाधान का आश्वासन भी दिया। बस्तर मुन्ने अभियान का यह पहला दिन उम्मीदों और विश्वास की नई शुरुआत लेकर आया, जिसने यह संदेश दिया कि अब दूरियां कम हो रही हैं और विकास की धारा हर गांव तक पहुंचाने का संकल्प मजबूत है।



### ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति बढ़ा विश्वास

कंदाड़ी का इलाका नक्सल प्रभाव के चलते पहले प्रशासन की पहुंच बेहद सीमित रही है। ऐसे में बस्तर मुन्ने अभियान के माध्यम से पहली बार प्रशासन का सीधा संवाद ग्रामीणों के साथ स्थापित होना एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इससे ग्रामीणों के मन में प्रशासन के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

### जिलास्तर के अधिकारी पहली बार पहुँचे

ग्रामीणों ने बताया कि पहली बार कोई वरिष्ठ अधिकारी उनके गांव तक पहुंचा है, जिससे उन्हें लगा कि अब उनकी समस्याओं का समाधान संभव है। वहीं प्रशासन ने भी स्पष्ट किया कि इस अभियान का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचकर विकास योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाना है।

## खबर संक्षेप



### शिवसेना ने श्रमिक दिवस पर एकता पर दिया जोर

**भानुप्रतापपुर।** शिवसेना ने मजदूर साथियों के साथ उत्साहपूर्वक मजदूर दिवस मनाया। इस अवसर पर मजदूरों को संबोधित करते हुए शिवसेना पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में बड़े उद्योगपति आकर मजदूरों के बीच फूट डाल रहे हैं और खदानों के मशीनीकरण के माध्यम से मजदूरों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। शिवसेना ने मजदूर दिवस पर छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार से विभिन्न मांगें रखीं, जिसमें मजदूरों को उनके अधिकार दिलाना, वृद्धावस्था पेंशन सुविधा, निशुल्क चिकित्सा व्यवस्था, मुफ्त बीमा, दुर्घटना की स्थिति में उचित मुआवजा तथा उनके भविष्य के लिए ठोस कदम उठाने की मांग शामिल है।

### जहर खाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत जवेली निवासी 35 वर्षीय सुखराम नुरूटी पिता डूसूराम ने जहर खाबर अपनी जान दे दी। सिविल अस्पताल पखांजुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खा लिया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से 27 अप्रैल को मौत हो गया। युवक ने जहर किस कारण से खाया यह फिलहाल पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत जवाहर कांकेर निवासी 21 वर्षीय क्षगन यादव पिता संपत यादव को गंभीर चोट आने कि वजह से 30 अप्रैल को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया था। चोट गंभीर होने के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## कार्रवाई : ड्रोन तकनीक से अवैध खनन पर लगेगा स्थायी ब्रेक

# ड्रोन से रेत खदानों की निगरानी, संलिप्त चेन माउंटेन एवं हाईवा की पुष्टि पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर की धरती पर पहली बार आसमान से उतरी निगरानी ने अवैध रेत कारोबार पर ऐसा शिकंजा कसा कि वर्षों से जारी खेल एक झटके में बेनकाब हो गया। तकनीक और सख्ती के इस संगम ने यह साफ संकेत दे दिया है कि अब अवैध उत्खनन और परिवहन के दिन गिने-चुने रह गए हैं।

जानकारी के अनुसार खनिज विभाग द्वारा ड्रोन तकनीक के जरिए रेत खदानों की निगरानी की दिशा में उठाने जाने वाला कदम अब जमीनी स्तर पर असर दिख सकता है। डेमो प्रोजेक्ट के तहत कांकेर जिले के भुईगांव क्षेत्र में की गई कार्रवाई ने यह साबित कर दिया कि अगर मंशा साफ हो और तकनीक का सही इस्तेमाल किया जाए, तो अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। दरअसल, खनिज विभाग ने हाल ही में ड्रोन सर्वे के माध्यम से भुईगांव की रेत खदानों का निरीक्षण किया था। इस दौरान ड्रोन कैमरों में एक चैन माउंटेन मशीन और एक हाईवा वाहन संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त नजर आए।

खास बात यह रही कि ड्रोन से ही हाईवा वाहन का नंबर भी स्पष्ट रूप से दर्ज किया गया, जिससे कार्रवाई की राह आसान हो गई। तीन दिन पहले रायपुर से पहुंची खनिज विभाग की विशेष टीम ने बिना समय गंवाए मौके पर दबिश दी। तीन दिन पहले हुई इस कार्रवाई में टीम ने भुईगांव खदान क्षेत्र में मौजूद चैन माउंटेन मशीन को मौके पर ही सील कर दिया, वहीं अवैध परिवहन में प्रयुक्त हाईवा वाहन को जब्त कर चारामा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। इस पूरी कार्रवाई ने अवैध खनन माफियाओं के बीच हड़कंप मचा दिया है।

ड्रोन के डेमो के दौरान भुईगांव खदान में अवैध उत्खनन व परिवहन कैद





### ड्रोन का डेमो पूरी तरह रहा सफल

खनिज विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह डेमो पूरी तरह सफल रहा है और भविष्य में इसे जिले के अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में भी लागू किया जाएगा। विभाग का मानना है कि ड्रोन के जरिए नियमित निगरानी से अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी, बल्कि शासन को होने वाले राजस्व नुकसान पर भी लगाम लगेगी।

### गेंम चेंजर होगा साबित

विशेषज्ञों का मानना है कि ड्रोन तकनीक का यह प्रयोग खनिज विभाग के लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है। अब तक जहां अवैध खनन करने वाले लोग रात के अंधेरे या दूरदराज के इलाकों का फायदा उठाकर नियमों को धता बताते थे, वहीं ड्रोन की निगरानी से उनकी हर गतिविधि पर नजर रखना संभव हो गया है। ऊंचाई से ली गई तस्वीरें और वीडियो न सिर्फ सटीक जानकारी देते हैं, बल्कि साक्ष्य के रूप में भी मजबूत होते हैं। अधिकारियों का कहना है कि पारंपरिक तरीकों से निगरानी करना कई बार चुनौतीपूर्ण होता था, खासकर तब जब अवैध खनन सुनसान इलाकों में किया जाता था। लेकिन अब ड्रोन तकनीक ने इस चुनौती को काफी हद तक आसान बना सकता है। यह न केवल तकनीक के प्रभावी उपयोग को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि यदि प्रशासनिक इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो किसी भी अवैध गतिविधि पर काबू पाया जा सकता है।

## कमार समाज की पायल 12वीं बोर्ड में 85.6 % अंक अर्जित कर अंचल में अव्वल



■ मुसुरपुटा की बिटिया पायल ने रायपुर देखा नहीं और रेल में सफर नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

कई बार संसाधनों की कमी सपनों के रास्ते में दीवार बनती दिखती है, लेकिन ग्राम मुसुरपुटा की होनहार छात्रा पायल मरकाम ने इस धारणा को गलत साबित कर दिया है। विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समाज से आने वाली पायल ने 12 वीं बोर्ड परीक्षा में 85.6 प्रतिशत अंक हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

अभावों के बीच पली-बढ़ी पायल की यह सफलता संघर्ष और मेहनत की मिसाल है, उन्होंने आवासीय विद्यालय सरोना में अध्ययन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। उनकी यह कहानी अब नई ऊंचाइयों को छूने जा रही है। पायल की सफलता की सबसे भावुक बात यह है कि उन्होंने अब तक न तो रायपुर शहर देखा है और न ही कभी रेलगाड़ी में सफर किया है। लेकिन अब उनकी मेधा उन्हें आसमान की सैर कराएगी। कर्मचारी प्रकोष्ठ मुसुरपुटा की अनूठी पहल के तहत पायल को रायपुर, हैदराबाद, बेंगलुरु और मैसूर जैसे महानगरों का हवाई सफर कराया जाएगा। इस यात्रा के दौरान पायल देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेंगी और आधुनिक विकास को करीब से समझेंगी। प्राचार्य देवकरण भास्कर, सेवानिवृत्त शिक्षक दीना नेताम और शिक्षक अरविंद भारती उनके घर पहुंचे। प्राचार्य ने कहा पायल ने साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है। उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी। कर्मचारी प्रकोष्ठ मुसुरपुटा द्वारा हर वर्ष मेधावी छात्र-छात्राओं को हवाई यात्रा कराने की परंपरा ने गांव में शिक्षा के प्रति नई जागरूकता पैदा की है। अब ग्रामीण अपनी बेटियों को पढ़ाने के लिए अधिक प्रेरित हो रहे हैं, ताकि वे भी पायल की तरह अपने सपनों को साकार कर सकें।

## मजदूरों के सम्मान में जन सहयोग की पहल, कड़ी धूप में बांटी राहत



**कांकेर।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था जन सहयोग ने सराहनीय पहल करते हुए मेहनतकश मजदूरों का सम्मान किया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सादगीपूर्ण कार्यक्रम ने न केवल श्रमिकों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया, बल्कि समाज के अन्य वर्गों को भी प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने मजदूरों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुनिया की आर्थिक गतिविधियाँ केवल पूंजी से नहीं, बल्कि श्रमिकों की अथक मेहनत से चलती हैं। उन्होंने कहा कि मज़दूर वर्ग हर परिस्थिति में काम करता है, चाहे कड़ाके की ठंड हो, मूसलाधार बारिश हो या तपती धूप। वे अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए हर कठिनाई का सामना करते हैं। ऐसे में समाज का कर्तव्य बनता है कि उनके योगदान को पहचाना जाए और उन्हें सम्मान दिया जाए। इसी सोच के तहत जन सहयोग द्वारा मज़दूरों को शीतल पेयजल, गमछा, तौलिया आदि उपयोगी सामग्री भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। उन्होने यह भी कहा कि मजदूर स्वाभिमानी होते हैं और अपनी मेहनत के बल पर जीवन यापन करते हैं। संस्था की ओर से दी गई छोटी-सी भेंट को उन्होंने स्नेहपूर्वक स्वीकार किया, जो इस कार्यक्रम की सफलता का प्रतीक है। इस अवसर पर टीके जैन, प्रवीण गुप्ता, राजेश चौहान, आशुतोष देव, ऋतिक सोनी और शैलेंद्र देहारी सहित कई नवयुवक समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ▶▶| शेष पेज 12 पर

## विवाह समारोह में मोबाइल की चोरी, संदेही पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना भानुप्रतापपुर अंतर्गत चौकी दमकसा में एक मोबाइल चोरी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरक्षक गणेश राम उईके द्वारा बिना नंबरी नालसी क्रमांक 00/2026 धारा 305 बीएनएस के तहत प्रस्तुत किए जाने पर उक्त प्रकरण को विधिवत असल नंबरी अपराध के रूप में दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार प्रार्थी भूपेन्द्र गावड़े पिता त्रिलोक गावड़े उम्र 18 वर्ष, निवासी आमापारा 30 अप्रैल 2026 को चौकी दमकसा उपस्थित होकर अपने मोबाइल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि 29 अप्रैल को सुबह लगभग 11 बजे उसके रिश्तेदार शिवनाथ टोप्पा के विवाह कार्यक्रम में हल्दी नाच के दौरान उसने अपना मोबाइल वीवो सफेद रंग जिसकी कीमत लगभग 13,000 रुपये है, सुरक्षित रखने के लिए अपनी बुआ शशि पुरामे को दिया था। बुआ द्वारा मोबाइल को घर के अंदर सोफे में रखा गया था। विवाह समारोह में अधिक भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उक्त मोबाइल चोरी कर लिया गया। प्रार्थी ने संदेह जताया कि ग्राम कोडाखुर्री निवासी हंसराज तुलावी पिता बिकरूराम तुलावी, जो समारोह में उपस्थित था, उसके हाथ में उक्त मोबाइल को प्रार्थी की मामी सावली टोप्पा एवं बुआ शशि पुरामे द्वारा देखा गया था। पूछताछ करने पर हंसराज तुलावी ने मोबाइल लेने से इंकार कर दिया। ▶▶| शेष पेज 12 पर

## सीजी बोर्ड द्वितीय मुख्य परीक्षा, 30 तक मौका

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित द्वितीय मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 के लिए हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी तथा अवसर परीक्षा के आवेदन पत्र 4 से 30 मई तक सामान्य शुल्क के साथ ऑनलाइन भरे जाएंगे। बोर्ड की इस परीक्षा से हजारों विद्यार्थियों को दोबारा सफलता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। द्वितीय मुख्य परीक्षा में वे सभी विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, जो प्रथम मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 में पंजीकृत रहे हैं। ऐसे विद्यार्थी जो पूरक श्रेणी में हैं, अनुत्तीर्ण हैं अथवा उत्तीर्ण होकर अपनी श्रेणी सुधारना चाहते हैं, वे भी इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इससे विद्यार्थियों को अपने परिणाम बेहतर बनाने और आगामी शिक्षा के लिए नए अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी। ▶▶| शेष पेज 12 पर

## बस्तर मुन्ने और सुशासन तिहार आज विभिन्न ग्रामों में शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने हेतु बस्तर संभाग में संचालित बस्तर मुन्ने तथा नियद नेल्लानार 2.0 और राज्य व्यापी सुशासन तिहार अभियान के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों में 01 मई से शिविरों का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार के तहत दूसरे दिन जिले के सभी सातों विकासखण्ड के कुल 100 गांवों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार 02 मई को विकासखण्ड अंतागढ़ के ग्राम सिरसांगी, धौंसाकला, सरंडी, घोटलबेड़ा, तुमापाल, मुरामेर, नेलसोड़, गावड़ेखसगांव, घुमर, उमकी, हल्बासिकसोड़, सेन्दुरमेटा, सुकलापाल, कुरूंटोला, किसकोड़ो, पिपरा, तेलंगा, मेचानार, हलाईनार, देहारीतोपाल, लामपुरी, पुनगांव, गरदा, पेवारी, कोटनखोड़, सुरेली, तारलकट्टा, हुरतराई, मुरपाल, कुम्हारी, अंजरेल, छोटेजेतपुरी, सोड़े, हुर्रापिजोड़ी, कोतकुड, अडेंगा, डुबाल तथा निलझर में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार कांकेर विकासखण्ड के ग्राम मरकाटोला, कानागाँव, साल्हेभाट, नंदनमारा, मलांजकुड्म, कोदागाँव, ,गोविन्दपुर, अंजनी, अंजनी, कोमलपुर। चारामा विकासखण्ड के ग्राम गिरहोला, दमकसा, कंडेल, बड़ेगौरी, हिंगनझर, मैनखेड़ा, पिपरौद, पलेवा, टिकरापारा, जुनवानी और रतेसरा। दुर्गूकोंदल विकाखण्ड के ग्राम रसोली, कलवर, बरगांव, गुडफेल, डुवा, कोड़ाखुरीं, गुलालबोडी, मोहगांव, डंडईखेड़ा, ▶▶| शेष पेज 12 पर




## संबलपुर का नाम किया रौशन

# सीजीपीएससी में डॉ. प्रेम चौधरी प्रदेश में टापर

■ ग्रामीणों में जश्न का माहौल, आने वाली पीढ़ियों के लिए बने रोल मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कहते हैं कि अगर इरादे फौलादी हों और सपनों में जान हो, तो संसाधनों की कमी कभी सफलता का रास्ता नहीं रोक सकती। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के एक छोटे से गांव संबलपुर के डॉ. प्रेम चौधरी ने इस बात को सच कर दिखाया है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित सहायक प्राध्यापक (रेडियोलॉजी) परीक्षा के परिणामों में डॉ. प्रेम ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर बस्तर के वनांचल क्षेत्र का मान पूरे प्रदेश में बढ़ाया है। भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम संबलपुर के एक साधारण परिवार में जन्मे डॉ. प्रेम चौधरी केराराम चौधरी (किराना व्यवसायी) के सुपुत्र हैं। उनकी यह सफलता केवल एक व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि उन हजारों ग्रामीण युवाओं के लिए उम्मीद की किरण है जो सीमित संसाधनों के बीच बड़े सपने देखते हैं। डॉ. प्रेम की प्रारंभिक शिक्षा गाँव के ही सरस्वती शिशु मंदिर में हुई। ▶▶| शेष पेज 12 पर




### मेहनत और सेवा का सफर

रायपुर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने के बाद डॉ. प्रेम ने नीट पीजी में भी अपनी मेहनत का लोहा मनवाया और उसी संस्थान से एमडी (रेडियोलॉजी) की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने न केवल किताबी ज्ञान में महारत हासिल की, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी बखूबी निभाई। कोविड-19 महामारी के दौरान उनकी समर्पित सेवाओं के लिए उन्हें एसडीएम द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। कोविड-19 निमोनिया में एचआरसीटी चेस्ट और आरटी-पीसीआर के बीच संबंध' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। वे जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में भी अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दे चुके हैं।

### अपनों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा

वर्तमान में रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल में कार्यरत डॉ. प्रेम अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुओं को देते हैं। अपनी भविष्य की योजनाओं पर हरिभूमि से चर्चा करते हुए वे कहते हैं कि मेरा उद्देश्य और सपना केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि अपने क्षेत्र के लोगों को उच्च स्तरीय और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।

### क्षेत्र में हर्ष की लहर,

29 अप्रैल को जैसे ही परिणाम घोषित हुए, संबलपुर सहित पूरे कांकेर जिलेवासियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना है कि डॉ. प्रेम ने यह साबित कर दिया कि सफलता के लिए बड़े शहरों की चकाचौंध नहीं, बल्कि मजबूत संकल्प की जरूरत होती है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने संबलपुर गांव को आज प्रदेश के नक्शे पर एक नई पहचान दिला दी है।


तुरंत आराम के लिए

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय

पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732

लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज

चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज

पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज

बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज

पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज

स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज

बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज






1 जुलाई, 7 जुलाई, 15 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

अमरनाथ यात्रा

बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर

नोटः-अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है। अतः जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।

राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 331,332,333 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

# सांसद फुलोदेवी ने स्व-गणना से की अपने परिवार की जनगणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव




अलग खबर

फरसगांव। राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम ने जनगणना के तहत उपलब्ध स्व-गणना सुविधा का उपयोग करते हुए अपने परिवार की जनगणना स्वयं पूर्ण की। इस दौरान उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी पारिवारिक जानकारी दर्ज कर प्रक्रिया को सरल और सहज बताया। राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने कहा कि स्व-गणना सुविधा नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। इससे लोगों को किसी बाहरी हस्तक्षेप के बिना अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने का अवसर मिलता है, जिससे डेटा की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया समय की बचत के साथ-साथ आधुनिक तकनीक के उपयोग को भी बढ़ावा देती है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और डिजिटल माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करें। इससे न केवल जनगणना का कार्य तेजी से पूर्ण होगा, बल्कि शासन को भी योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन के लिए सही और विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त होंगे। सांसद ने यह भी कहा कि यह पहल डिजिटल इंडिया अभियान के उद्देश्य को मजबूत करती है, जिसमें हर नागरिक को डिजिटल रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि जागरूकता बढ़ने के साथ अधिक से अधिक लोग इस सुविधा से जुड़ेंगे और देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

## जनगणना 2027 में जनप्रतिनिधियों की पहल : कोंडागांव व केशकाल विधायक ने की स्व–गणना





**कोण्डागांव।** जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व–गणना अभियान को गति देने के लिए जनप्रतिनिधियों ने भी पहल की है। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी तथा केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने जनगणना पोर्टल पर स्वयं अपना फॉर्म भरकर स्व–गणना की प्रक्रिया पूर्ण की। दोनों जनप्रतिनिधियों ने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे भी स्व–गणना में बढ़–चढ़कर हिस्सा लें और सही व पूर्ण जानकारी दर्ज कर जनगणना को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि सटीक आंकड़े ही विकास योजनाओं की सही दिशा तय करते हैं। स्व–गणना के बाद अगले चरण में 1 मई से 30 मई तक प्रगणक घर–घर जाकर मकान गणना करेंगे।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय समर कैम्प का आयोजन आज से

**कोण्डागांव।** जिले के छात्र–छात्राओं को नवीन अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक संवर्धन, कौशल निर्माण तथा रचनात्मक एवं समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर के दौरान प्रतिभागियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें हस्तशिल्प, चित्रकला, पेंटिंग, वेस्टर्न डांस, मेंहदी कला, रंगोली, जुम्बा एवं क्लासिकल डांस प्रमुख रूप से शामिल हैं। यह समर कैम्प विद्यार्थियों में रचनात्मक अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास, स्वतंत्रता तथा स्व–कौशल विकास को बढ़ावा देने के साथ–साथ सांस्कृतिक एवं सामाजिक जागरूकता विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा। जिला स्तरीय समर कैम्प का आयोजन 1 मई से 25 मई तक किया जाएगा। शिविर बंधा तालाब गार्डन, कोण्डागांव में प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे से 10:30 बजे तक आयोजित होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं पंजीयन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### केशकाल में लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**केशकाल।** नगर के जनपद प्राथमिक शाला परिसर में 2 मई को मुस्लिम समाज जमात रज़ा-ए-मुस्तफा, केशकाल द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में रायपुर के आईएलएस हॉस्पिटल से आए अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों की जांच और परामर्श देंगे। बता दें कि यह शिविर सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें हृदय, स्त्री रोग, अस्थि रोग, तंत्रिका, फेफड़ा, सामान्य रोग सहित विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों के लिए यह शिविर काफी उपयोगी साबित होगा। अक्सर देखा जाता है कि गंभीर या विशेष जांच के लिए लोगों को रायपुर, जगदलपुर या कोंडागांव जाना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक बोझ दोनों बढ़ते हैं। ऐसे में स्थानीय स्तर पर इस तरह का स्वास्थ्य शिविर लगना बड़ी राहत की बात है। शिविर में डॉ. प्रतीक पाण्डे हृदय शल्य चिकित्सा, डॉ. मनीषा शर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. राहुल शाह अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. अमित जैन तंत्रिका विज्ञान, डॉ. बालकृष्ण पल्मोनोलॉजी, डॉ. प्रियंका खत्री जनरल मेडिसिन, डॉ. धीरज प्रेमचंदानी जीआई सर्जरी सेवा देंगे। इस पहल से खासकर उन लोगों को लाभ मिलेगा जो किसी कारणवश बड़े शहरों तक नहीं पहुंच पाते।

### ईंट निर्माण से आत्मनिर्भर बन रहीं क्षेत्र की महिलाएं

**कोण्डागांव।** जनपद पंचायत कोंडागांव के ग्राम पंचायत कुधुर में लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। महिलाओं ने सीआईएफ एवं बैंक लिंकेज के माध्यम से 4 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर सीमेंट ईंट निर्माण कार्य प्रारंभ किया। समूह द्वारा निर्मित मजबूत एवं गुणवत्तापूर्ण ईंटों की मांग आसपास के गांवों में लगातार बढ़ रही है।

## राहत : तत्काल पेंशन आदेश जारी, कर्मचारियों को मिली बड़ी राहत

# जिले में नई पहल, सेवानिवृत्ति के दिन ही 6 कर्मचारियों को मिला पीपीओ-जीपीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लिए एक सराहनीय पहल के तहत सेवानिवृत्ति के दिन ही 6 कर्मचारियों को पेंशन भुगतान आदेश और ग्रेच्युटी भुगतान आदेश जारी किए गए। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इन आदेशों की प्रतियां प्रदान कीं।

- कलेक्टर ने कार्यक्रम में कर्मियों को आदेश की प्रतियां दीं

कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं, किया सम्मान – इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और उनके स्वस्थ जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि समय पर पेंशन आदेश जारी करना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला कोषालय द्वारा पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर उसी दिन पीपीओ जारी करना प्रशासनिक दक्षता का उदाहरण माना जा रहा है। इस पहल से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को तत्काल आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। इस सराहनीय पहल के लिए कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला इकाई कोंडागांव के प्रदेश उपाध्यक्ष केदार जैन, जिला संयोजक शिवराज ठाकुर, उप संयोजक निर्मल कुमार शार्दुल, संरक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार नाग, कंवल साय मरकाम, यशवंत देवांगन, ललित किशोर कोर्राम, शरद शर्मा, पन्नालाल पाण्डे एवं चमनलाल वर्मा ने कलेक्टर को पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया।



### कार्यक्रम में ये अधिकारी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश दांडे, जिला कोषालय अधिकारी रजनीश पटेल, डीएमसी ईमल बघेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कोंडागांव की यह पहल प्रशासनिक संवेदनशीलता और पारदर्शिता का उत्कृष्ट उदाहरण बन रहा है, जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को तत्काल लाभ मिल रहा है।

### इन कर्मचारियों को मिला लाभ

जिला कोषालय द्वारा त्वरित प्रक्रिया अपनाते हुए कर्मचारियों को पीपीओ जारी किया गया। इनमें पुलिस विभाग से मोहन लाल मौर्य, सुरेन्द्र बघेल स्वास्थ्य विभाग से श्रीमती सप्तमी भद्र शिक्षा विभाग से प्रधानअध्यापक श्रीमती संगीता राव, व्याख्याता शंकरलाल मण्डावी, प्रधानअध्यापक चरण सिंह मातलाम।

## एनएचआरसीसीबी ने मई दिवस पर श्रमिकों का किया सम्मान



**कांकेर।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो एनएचआरसीसीबी की कांकेर टीम द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक करना रहा।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणधीर कुमार एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ. जतिंदर पाल सिंह के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संभागीय अध्यक्ष जगमोहन सोनी के मार्गदर्शन में तथा जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न शुक्ल के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न शुक्ल ने कहा कि मजदूर देश की प्रगति और विकास की रीढ़ होते हैं। उन्होंने श्रमिक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रमिकों के अथक परिश्रम से ही समाज और राष्ट्र की उन्नति संभव है और साथ ही उन्होंने श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान को सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर राखी शुक्ल, निवेदिता सरकार एवं सुमित सरकार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि श्रमिक समाज की आधारशिला हैं और उनके बिना किसी भी प्रकार का विकास अधूरा है। उन्होंने सभी से श्रमिकों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें बताया गया कि वे किस प्रकार अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं और साथ ही आपसी सहयोग और एकजुटता बनाए रखने का संदेश भी दिया गया।

## किसान की बेटी ने रचा इतिहास, सुनीता 95.16 प्रतिशत के साथ बनी जिला टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 2026 में शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय कोंनगुड़ की छात्रा सुनीता राठौर ने 95.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से स्कूल, परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्राम बारदा निवासी किसान कुंभकरण राठौर की पुत्री सुनीता ने सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 571 अंक प्राप्त किए और प्रथम श्रेणी में सफलता पाई। स्कूल की प्राचार्य नहेश्वर वर्मा ने सुनीता की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वह शुरू से ही मेधावी और अनुशासित छात्रा रही हैं। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। सुनीता की बड़ी बहन यशोदा राठौर ने भी 12वीं की परीक्षा में 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया है, जिससे यह परिवार शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल बनकर उभरा है।



सुनीता ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और स्कूल के शिक्षकों अविनाश साहू, राजेश केशर, संजीव मरकाम, दीनबंधु वर्मा और रोशन प्रधान को दिया है। उन्होंने कहा कि नियमित पढ़ाई और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही यह संभव हो पाया। जिला टॉपर बनने पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीराम तारम ने फोन के माध्यम से सुनीता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं गांव और स्कूल में जश्न का माहौल है।

### आमगांव के चन्द्रकान्त ने 10वीं में हासिल किया 94.85% अंक

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 2026 में फरसगांव ब्लॉक के सुदूर अंचल ग्राम आमगांव के होनहार छात्र चन्द्रकान्त नाग ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 94.85 प्रतिशत अंक हासिल कर शानदार सफलता दर्ज की है। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे गांव, स्कूल और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। प्रयास आवासीय विद्यालय सड्डू रायपुर के छात्र चन्द्रकान्त ने सभी विषयों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 600 में से 569 अंक प्राप्त किए और प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। चन्द्रकान्त के पिता मोहन नाग वन विभाग में वनपाल के पद पर कार्यरत हैं। चंद्रकात के पिता जिले के केशकाल वन मंडल अंतर्गत बड़ेडोगर रेंज में वनपाल के पद पर पदस्थ हैं। चन्द्रकान्त ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उनका कहना है कि नियमित पढ़ाई, सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। गांव के लोगों और स्कूल प्रबंधन ने चन्द्रकान्त को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## अनंतपुर कन्या स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

- 10 दिवसीय इंटर्नशिप भी सफलतापूर्वक सम्पन्न
- मेधावी छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन
- कक्षा नवमीं देवकी, 11वीं में शबनम रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनंतपुर में 30 अप्रैल को स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परिणामों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 9वीं में कुमारी देवकी ने 83.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं साहिल बैरागी ने 82.53 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में कुमारी शबनम अली ने 86.28 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कुमारी राधिका ने 85.74: अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान हासिल किया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य दिलीप कुमार कोमरे द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन



### इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थियों को मिला प्रमाणपत्र

विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कक्षा 11वीं एवं 12वीं के ऑटोमोबाइल एवं रिटेल ट्रेड के छात्र–छात्राओं का 10 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण प्राचार्य दिलीप कुमार कोमरे के नेतृत्व तथा व्यावसायिक प्रशिक्षक संतोष कुमार यादव एवं पीयूष कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों द्वारा किए गए कार्यों को प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी के खाते में 1200 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई। प्राचार्य ने इंटर्नशिप कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाली संस्थाओं का सहयोग मिला। प्राचार्य श्री कोमरे ने कहा कि वर्तमान समय में व्यावसायिक शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक विद्यार्थियों को चार वर्षों में हुनरमंद बनाकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नियमित रूप से अतिथि व्याख्यान एवं औद्योगिक भ्रमण भी आयोजित किए जाते हैं।

### जनप्रतिनिधि और पालक रहे उपस्थित

कार्यक्रम में ग्राम सरपंच विक्रम मंडावी, उपसरपंच सनत राम यादव, ग्राम अनंतपुर के गणमान्य नागरिक, पालकगण एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय का यह प्रयास न केवल शिक्षा बल्कि कौशल विकास के क्षेत्र में भी विद्यार्थियों को नई दिशा दे रहा है, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें।

## आत्मानंद विद्यालय के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

**सरोना।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सरोना में वर्ष 2025-26 के कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस वर्ष के परिणामों में विशेष रूप से व्यावसायिक शिक्षा (वोकेशनल) से जुड़े विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया है कि पारंपरिक शैक्षणिक विषयों के साथ-साथ कौशल आधारित शिक्षा भी समान रूप से प्रभावी और परिणामदायी है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल अकादमिक विषयों में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं, बल्कि व्यावसायिक विषयों में भी अपनी प्रतिभा और दक्षता का उत्कृष्ट परिचय दिया है। इस उपलब्धि से यह स्पष्ट होता है कि छात्र अब केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि व्यावहारिक और रोजगारोन्मुखी शिक्षा में भी दक्ष बनते जा रहे हैं। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों का परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा है। इस सफलता ने यह दर्शाया है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में कौशल विकास को जो महत्व दिया जा रहा है।

## नवाचार के दम पर जिले का बढ़ाया मान

# 5 शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और रचनात्मक पहल के लिए जिले के पांच शिक्षकों को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2025–26 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय शैक्षणिक संप्रवाह कार्यक्रम में प्रदान किया गया, जिसमें देशभर के शिक्षकों ने भाग लिया। इस सम्मान के लिए केशकाल विकासखंड से शिक्षिका दीपिका कोडोपी पीएम प्राथमिक शाला हर्वेल और भुवनेश्वर प्रसाद आग्रे प्राथमिक शाला नयापारा सिंगनपुर, कोंडागांव विकासखंड से गीतांजलि भोई, फरसगांव से खमदेव दीवान तथा बड़े राजपुर से संदीप कुमार सेन का चयन किया गया।



### देशभर से आए सैकड़ों नामांकन, कई चरणों में हुआ चयन

*आयोजक संस्था समूह भारत के अनुसार, इस सम्मान के लिए देशभर से 700 से अधिक और छत्तीसगढ़ से 400 से ज्यादा नामांकन प्राप्त हुए थे। चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार और क्रॉस इंटरव्यू जैसे कई चरण शामिल रहे, जिसके बाद अंतिम सूची जारी की गई। यह कार्यक्रम रायपुर स्थित स्वामी आत्मानंद प्रो. जे.एन. पाण्डेय शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मानित शिक्षकों ने अपने–अपने विद्यालयों में स्वप्रेरित नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाया है। इनके प्रयासों से विद्यार्थियों में सीखने की रुचि बढ़ी है और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।*

### जिला प्रशासन ने की सराहना

जिले के शिक्षकों की इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान एवं जिला मिशन समन्वयक ईमल सिंह बघेल ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि न केवल शिक्षकों के व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम है, बल्कि कोंडागांव जिले की शिक्षा व्यवस्था के लिए भी गर्व का विषय है, जो नवाचार के माध्यम से नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है।

## जनता के हित में हैं सांसद तत्पर माफी का सवाल ही नहीं : पांडेय

**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राजा पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर हाल ही में गोदावरी इस्पात में हुए हादसे को गंभीर बताते हुए इसे कंपनी की लापरवाही का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि इस घटना के चलते 23 परिवारों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा, जो बेहद चिंताजनक है। राजा पाण्डेय ने कहा कि क्षेत्र के सांसद घटना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना तथा मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई घर क्षतिग्रस्त पाए गए, जिनमें से कुछ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने थे। एक पीड़ित परिवार के बारे में बताया गया कि उनके घर में हाल ही में शादी हुई थी और वे नए घर में प्रवेश करने वाले थे, लेकिन हादसे के कारण उनका घर मलबे में तब्दील हो गया। लाल पानी के कारण खेतों की फसल को नुकसान पहुंच रहा है, लेकिन प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने इस संबंध में कई शिकायतें सांसद के समक्ष रखीं। राजा पाण्डेय ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते सांसद द्वारा नाराजगी जताना स्वाभाविक है, क्योंकि कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर स्पष्ट जवाब देने से बचते नजर आए। कंपनी द्वारा ग्रामीणों को एकत्रित कर सांसद के खिलाफ निंदा कराना एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है।



पेज 11 के शेष

### मजदूरों के सम्मान...

कड़ी धूप के बावजूद सभी कार्यकर्ताओं ने पूरे समर्पण के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। शहर में इस आयोजन की व्यापक सराहना हो रही है और यह पहल मजदूरों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना को और मजबूत करने का संदेश दे रही है।

### विवाह समारोह में...

प्रार्थी के आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संदेही के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस द्वारा मोबाइल की तलाश एवं संदेही से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### सीजी बोर्ड द्वितीय...

इसके अलावा मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 में पहली बार पंजीकृत होकर अनुत्तीर्ण या पूरक आए परीक्षार्थी भी क्रेडिट योजना के तहत पात्रतानुसार अपने अनुत्तीर्ण विषयों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड द्वारा यह सुविधा छात्रों के शैक्षणिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रदान की गई है।

### बस्तर मुन्ने और सुशासन...

फित्तेफुलचूर, मिचेवाडा, नेलचांग, ओडाहर, गुमडीडिही, एनहूर, खेडेगांव, हुलघाट, डांगरा, हाहलद्दी, मर्रामपानी और कोवाचीकट्टेल। नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम बतबनी, महेशपुर, डब्बीपानी, चरभाठा, खजरावन, साईमुण्डा, बिहावापारा, भीमाडीह और बरकई। इसी प्रकार विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम कुंआपानी, विनायकपुर, विक्रमगंज, पिचेकट्टा, जनकपुर, बुदेली, कोरर, नरसिंहपुर, अस्तरा और डोंगरकटटा में शिविर आयोजित किया जाएगा।

### सीजीपीएससी में डॉ. प्रेम चौधरी...

जिसके बाद उन्होंने शासकीय विद्यालय से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। उनकी प्रतिभा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सीजी पीएमटी में 70 वीं रैंक हासिल कर उन्होंने प्रदेश के प्रतिष्ठित पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, रायपुर में अपनी जगह बनाई।

**खबर संक्षेप**

## असरानी को 12वीं में मिले 88 प्रतिशत अंक



**कांकेर।** शहर के व्यापारी अमित असरानी के पुत्र प्रथम असरानी, जो बेंगलुरु में 12 वीं में अध्ययन कर रहे थे और आईएससी बोर्ड की परीक्षा में इस सत्र में शामिल हुए। हाल ही में घोषित आईएससी बोर्ड परीक्षा परिणामों में 88 प्रतिशत अंक हासिल किया है। छात्र के पिता ने बताया कि उनका बेटा आगे इंजीनियरिंग की पढ़ाई देश के बाहर किसी यूनिवर्सिटी में करना चाहता है।

## मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ भव्य सम्मान



**कांकेर।** लखनपुरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन एवं संस्कारों के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी। विद्यालय की वर्षभर की गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया। खेलकूद के क्षेत्र में कक्षा पांचवीं के पूरब मंडावी और प्रणय मंडावी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कक्षा सातवीं की नीलम साहू और कक्षा पहली की वोम्या सलाम ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसके साथ ही विद्यालयीन गतिविधियों में कु. रिया राजपूत एवं ओम नेताम का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा। इस दौरान गो विज्ञान और संस्कृति ज्ञान परीक्षा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। घोषित परीक्षा परिणामों में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त किए।

## तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री पर हुई कार्रवाई



**कांकेर।** शहर एवं जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बाजार, बस स्टैंड, चौक-चौराहों एवं शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सघन जांच अभियान चलाया गया। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करते पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदार, शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू विक्रय करने वाले दुकानों को कार्यवाही के दौरान 521 व्यक्तियों व दुकानदारों से कुल 1 लाख 3 हजार 600 समन शुल्क वसूला गया। दुकानदारों को कोटप्पा एक्ट के नियमों का पालन करने के लिए सख्त निर्देश दिया गया।

**निधन**

## जगनू राम हुर्रा



**दुर्गुकोंदल।** विकास खंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत साधुमिचगाव के आश्रित ग्राम भुसकी निवासी जगनू राम हुर्रा का 29 अप्रैल बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम भुसकी में किए गया, जिसमें रिश्तेदार व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कुरालठेमली शासकीय विद्यालय में 12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा

### 36 में से 29 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

नरहरपुर ब्लॉक के अंतिम छोर पर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरालठेमली ने इस वर्ष कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है। सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों और शिक्षकों के समर्पण ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

विद्यालय से इस वर्ष कुल 38 विद्यार्थियों ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें सभी विद्यार्थी सफल रहे। इनमें से 29 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में और 9 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। यह परिणाम इस बात का प्रमाण है कि विद्यालय में शिक्षा का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है और विद्यार्थी गंभीरता से अध्ययन कर रहे हैं। इस परीक्षा में रोशनी मरकाम ने 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि राजेश्वरी नेताम ने 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं की इस सफलता ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। अन्य विद्यार्थियों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा, जिससे यह स्पष्ट है कि सामूहिक रूप से विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।



### अभिभावकों का मिला सहयोग

विद्यालय के प्राचार्य ताराचंद सिन्हा ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में नियमित रूप से मोटिवेशनल कक्षाएं और उपचारात्मक (रिमेडियल) कक्षाएं संचालित की गईं, जिससे कमजोर विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिला। शिक्षकों ने व्यक्तिगत रूप से विद्यार्थियों पर ध्यान देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया।

### तेज आंधी और झोंकेदार हवाओं से जनजीवन कुछ समय के लिए प्रभावित

# भानुप्रतापपुर में मौसम का मिजाज बदला वर्षा से मिली राहत व आंधी से हुए आहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर में शुक्रवार 1 मई को मौसम ने अचानक ऐसा रुख बदला कि लोगों को एक ही दिन में तपती गर्मी, धूल भरी आंधी और ठंडी बारिश तीनों का अनुभव हो गया। तेज झोंकों के साथ आई आंधी और उसके बाद हुई बारिश ने जहां मौसम को सुहावना बना दिया, वहीं कुछ समय के लिए जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया। कई जगह पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए, उस क्षेत्र में अंधेरा छा गया।

जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर में दोपहर तक तेज धूप और उमस से परेशान लोग जैसे ही शाम की ओर बढ़ रहे थे, अचानक आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते तेज हवाएं चलने लगीं और धूल भरी आंधी ने पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। कई स्थानों पर पेड़-पौधे झुक गए, वहीं खुले स्थानों पर रखा सामान उड़ने लगा। सड़कों पर धूल का गुबार छा जाने से वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा और कुछ समय के लिए आवाजाही प्रभावित रही।




### बिजली पोल गिरने से बढ़ी परेशानी

तेज हवाओं और बारिश का असर बिजली व्यवस्था पर भी पड़ा। क्षेत्र के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को अंधेरे में समय बिताना पड़ा। खासकर शाम के समय बिजली गुल होने से घरेलू कामकाज और छोटे व्यापारियों को अधिक दिक्कत हुई। कुछ जगहों पर बिजली के खंभों और तारों को भी नुकसान पहुंचने की खबरें सामने आई हैं।

आंधी के कुछ ही देर बाद बारिश शुरू हो गई, जिसने पूरे माहौल को बदल दिया।

तपती गर्मी से जूझ रहे लोगों को राहत मिली और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस अचानक बदले मौसम का आनंद लिया, लेकिन इसके साथ ही कुछ परेशानियां भी सामने आईं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अचानक मौसम बदलने से जहां एक ओर भीषण गर्मी से राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर बिजली कटौती ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कई लोगों ने बताया कि लंबे समय तक बिजली न रहने से पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई, जिससे दैनिक जीवन पर असर पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में भी हल्के बदलाव की संभावना बनी हुई है, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।

**बिजली विभाग का अमला डटा :** बिजली विभाग की टीम स्थिति को सामान्य करने में जुटी हुई है। प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए मरम्मत कार्य तेजी से किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही सभी इलाकों में बिजली बहाल कर दी जाएगी और स्थिति पूरी तरह सामान्य हो जाएगी।

## 10वीं-12वीं का परीक्षाफल रहा 100 प्रतिशत, मेड़ों स्कूल ने रचा इतिहास



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेड़ों ने शिक्षा सत्र 2025-26 में एक बार फिर शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय ने लगातार दस वर्षों से उत्कृष्ट परिणाम देकर शिक्षा क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इस वर्ष भी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

कक्षा 10वीं के सभी 24 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस कक्षा में कुमारी शालिनी कोमरा ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। डोमेश ने 86 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा नवीन ने 84 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है। कक्षा 12वीं कला संकाय में सभी 18 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें 16 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। इस संकाय में पुष्पा सिन्हा ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

सुष्मिता 74 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा सरस्वती 73 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहीं। विज्ञान संकाय में भी सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। करिश्मा कोमरे ने 87 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। संजना ने 83 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा भावेश्वरी ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में भूमिका कोमरा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे विकासखंड में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। जिगेश्वर ने 72 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा कुमारी भूमिका ने 67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के समर्पण को दिया।

## दसवीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत रिजल्ट से चमका सनराइज स्कूल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ बोर्ड द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में सनराईज पब्लिक हाई स्कूल राजापारा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। दसवीं कक्षा में रिचा पटेल ने 85.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं अपूर्वा रजक ने 80.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय और धारा वासनिक ने 72.5 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा आठवीं में कचन वट्टी ने 93 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। आस्था सोनी 86 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा शुभम पटेल 84 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पांचवीं में मीना जैन ने 95.5 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दिव्या ने 91 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं धनंजय यादव ने 91 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। अन्य कक्षाओं में भी विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कक्षा नर्सरी में सुरभि भोय प्रथम, हर्षमन यादव द्वितीय एवं वंशिका चक्रवर्ती तथा युविका कश्यप तृतीय स्थान पर रहे। एलकेजी में मानवी चांडक प्रथम, नीषा केंवट द्वितीय तथा तृषा सलाम और सुरभि साहू तृतीय स्थान पर रहीं।



यूकेजी में अनाया केसरी प्रथम, देविका सेन द्वितीय और श्रेयांश सिंह तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पहली में मौली यादव प्रथम, वंशिका बैरागी द्वितीय और हर्ष रजक तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी में खुशी साहू प्रथम, प्रभाष नाग द्वितीय और काव्या भोय तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा तीसरी में रुपाली भंडारी प्रथम, धानी ठाकुर द्वितीय एवं युवराज चोपड़ा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी में कृष्ण कुमार रजक प्रथम, प्रतीक मोटवानी द्वितीय और मयंक बिछिया तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा छठवीं में उमेएमन बानो प्रथम, अमन रज्जा द्वितीय और लावन्या सोनवानी तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा सातवीं में चित्राक्षी नेताम प्रथम, जतीन नेताम द्वितीय एवं सौरभ बैरागी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा नवमी में प्राची पटेल प्रथम, ट्विंकल मोटवानी द्वितीय और आर्यन यादव तृतीय स्थान पर रहे। इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकगणों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग को दिया गया है।

## विधायक की पहल बोरे बासी से श्रमिकों का किया सम्मान

**भानुप्रतापपुर।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के मौके पर छत्तीसगढ़ की परंपरा और श्रमिक सम्मान का अनोखा संगम देखने को मिला, जब भानुप्रतापपुर की विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने अपने रायपुर स्थित निवास पर बोरे बासी का सेवन कर मेहनतकश वर्ग के प्रति सम्मान प्रकट किया। यह पहल न सिर्फ सांस्कृतिक जुड़ाव को दर्शाती है, बल्कि श्रमिकों के जीवन संघर्ष और उनकी सादगी को भी सम्मान देने का सशक्त संदेश देती है।

छत्तीसगढ़ में बोरे बासी दिवस के रूप में मनाया जाने वाला यह अवसर धीरे-धीरे जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। परंपरागत रूप से ग्रामीण और श्रमिक वर्ग द्वारा खाया जाने वाला यह साधारण भोजन आज उनकी पहचान और गर्व का प्रतीक बन चुका है। विधायक मंडावी ने कहा कि बोरे बासी केवल भोजन नहीं, बल्कि उस वर्ग की जीवनशैली का प्रतिबिंब है, जो कठिन परिश्रम के बल पर समाज की नींव को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि जब जनप्रतिनिधि खुद इस परंपरा को अपनाते हैं, तो यह समाज में समानता और सम्मान का संदेश देता है। उनके इस कदम की स्थानीय लोगों और श्रमिक समुदाय ने सराहना की है। विधायक ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखें, बल्कि श्रमिकों के योगदान को दिल से स्वीकार करें और उनके प्रति आभार व्यक्त करें। इस पहल ने यह साबित कर दिया कि सच्चा सम्मान बड़े आयोजनों में नहीं, बल्कि छोटी-छोटी संवेदनशील कोशिशों में छिपा होता है।

## प्रधान आरक्षक शिवप्रसाद को सेवानिवृत्त पर दी विदाई

**कांकेर।** जिला आबकारी कार्यालय जगदलपुर में पदस्थ प्रधान आरक्षक शिवप्रसाद सिन्हा 33 वर्षों की दीर्घ एवं उत्कृष्ट शासकीय सेवा पूर्ण कर गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में गरिमामय विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

प्रधान आरक्षक शिवप्रसाद सिन्हा ने अपनी सेवा यात्रा अप्रैल 1993 में प्रारंभ की थी। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने जगदलपुर, भानुप्रतापपुर, कांकेर, महासमुंद और चारामा सहित विभिन्न स्थानों पर कार्य करते हुए विभागीय दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। वे अपनी ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के लिए विभाग में विशेष पहचान रखते रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला आबकारी अधिकारी अमन सिंह ने कहा कि शिवप्रसाद का सेवाकाल अत्यंत सराहनीय रहा है। उन्होंने हर जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाया और विभाग में अपनी कार्यशैली से एक मिसाल कायम की। उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय जीवन और दीर्घायु की कामना की। इस दौरान शिवप्रसाद ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सेवाकाल के दौरान उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों और कर्मचारियों का निरंतर सहयोग मिला, जिसके कारण वे अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सके। समारोह में विभाग की ओर से शिवप्रसाद को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



# पखांजूर सिविल अस्पताल को आधुनिक एंबुलेंस की सौगात मिली, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में आज सिविल अस्पताल पखांजुर में नई अत्याधुनिक एंबुलेंस का भव्य स्वागत और विधिवत पूजा-अर्चना के बाद उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण चंद्र शाह ने फीता काटकर इस महत्वपूर्ण सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में पिछले दो वर्षों के भीतर राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार हुआ है और अब सरकारी अस्पतालों पर आम जनता का भरोसा तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि गांवों और कस्बों में बेहतर होती सुविधाओं के कारण अब लोगों को छोटे इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं दौड़ना पड़ेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूरे प्रदेश में इमरजेंसी हेल्थ सिस्टम को मजबूत करने के लिए 370 नई एंबुलेंस को जमीन पर उतारा है। यह सेवा शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट के भीतर पहुंचने का लक्ष्य रखती है। इन एंबुलेंस की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनमें वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सपोर्ट और प्रशिक्षित स्टाफ की सुविधा मौजूद है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा मोनिका शाह ने कहा कि इस सुविधा से शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लोग जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ ले पाएंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपांकर राय ने इसे सरकार की प्राथमिकता बताते हुए बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। जिला सहसंयोजक स्वपन तरफदार ने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का जिक्र करते हुए बताया कि परलकोट पखांजूर के अंतर्गत आने वाले 133 से अधिक आदिवासी बाहुल्य गांवों के लिए यह एंबुलेंस एक अनिवार्य आवश्यकता थी, जिसे सरकार ने पूरा कर क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत दी है।



इस अवसर पर मंडल महामंत्री शिवानंद मंडल, जिला मंत्री दीप्ति शाह, मंडल मंत्री निर्मल दास, कार्यालय मंत्री शशि प्रजापति, पार्षद राजू कुंडू, दीनानाथ चुरेंद्र, प्रीति हालदार, शंकर नाग, प्रशांत कर्मकार, अजीत देवनाथ और पार्षद प्रतिनिधि मजूमदार सहित भारी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। चिकित्सा जगत की ओर से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वैष्णव, डॉ. मलिक और डॉ. मंडल सहित अस्पताल के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# बस्तर मुन्ने शिविर में 72 आवेदन प्राप्त हुए, ग्रामीणों ने दिखाई रुचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

राज्य शासन की मंशानुसार जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से बस्तर मुन्ने अग्रणी बस्तर कार्यक्रम के तहत ग्राम स्तरीय शिविरों का आयोजन शुरू हो गया है। इसी क्रम में 1 मई को विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम भैंसाकान्हर डू में शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और साथ ही पात्र हितग्राहियों ने मौके पर ही आवेदन प्रस्तुत किए, जिनका संबंधित विभागों द्वारा समय-सीमा के भीतर निराकरण किया जाएगा।



शिविर के दौरान कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें उज्ज्वला गैस कनेक्शन के 17, जॉब कार्ड के 2, प्रधानमंत्री आवास योजना के 7, आधार कार्ड के 4, पैन कार्ड के 8, वृद्धा पेंशन के 9, विधवा पेंशन के 5, राशन कार्ड का 1, महतारी वंदन योजना के 2, वन अधिकार के 2, दिव्यांग सहायता के 2, शौचालय निर्माण का 1, पीएम सम्मान निधि के 4, जन्म प्रमाण पत्र के 2, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के 5 तथा सोलर पंप का 1 आवेदन शामिल हैं। शिविर में सरपंच परनिया भुरकुईया, शिविर प्रभारी ओमप्रकाश बघेल, पीठासीन अधिकारी नारायण सिंह बघेल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रवीण कवाची, पटवारी यशवंत शोरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740